**प्रेस नोट संख्या-26**

**दिनांक 17.05.2025**

**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी**

**थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी की 01 मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 17.05.2025 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल पैशन प्रो सं0 यूपी 32 ईटी 4966 पर सवार अभियुक्त विशाल जाटव पुत्र जयराम निवासी ग्राम हवेली मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है, जिसे मैंने दिनांक 15.05.2025 की शाम शंकरगंज बाजार से चोरी किया था।

बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में दिनांक 15.05.2025 को थाना मोहनगंज पर मु0अ0सं0 130/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- विशाल जाटव पुत्र जयराम निवासी ग्राम हवेली मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 130/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।

**बरामदगी-**

- चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो सं0 यूपी 32 ईटी 4966।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 लक्ष्मण सिंह चन्देल थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. हे0का0 अरविन्द प्रताप सिंह जनपद अमेठी।
4. का0 मो0 राशिद थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 अरविन्द सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।